तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 30.2° | 15.5° |
| इंदौर | 30.8° | 16.8° |
| जबलपुर | 30.8° | 14.5° |
| ग्वालियर | 32.8° | 16.0° |

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 346,पृष्ठ 12)
गुरुवार 14 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये



**राजधानी... किसी भी पद पर रहे, मित्रता भाव हमेशा ...**


**खेल... 17 साल के आयुष को मेगा नीलामी में खरीदा ...**


**व्यापार... जिंका लॉजिस्टिक्स का आईपीओ खुला निवेशक ...**


**देश-विदेश... ट्रम्प प्रशासन में मस्क और रामास्वामी..**

www.naiduniaonline.com

बुल्डोजर न्याय के खिलाफ 'सुप्रीम' फैसला

# बिना कानूनी प्रक्रिया तोड़-फोड़ करने वाले होंगे दंडित : सुको

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**उच्चतम न्यायालय ने बुल्डोजर न्याय के खिलाफ बुधवार को सख्त फैसला सुनाया और देशव्यापी दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये किसी अपराध के दोषी या आरोपी की संपत्ति के साथ तोड़-फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे।**



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आश्रय के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का एक पहलू बताते हुए कहा कि किसी अपराध के आरोपी या दोषी की रिहायशी या व्यावसायिक संपत्ति को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। पीठ ने सरकारी अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानी और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा बुलडोजर कार्रवाई करना शक्ति के पृथक्करण के मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसके तहत न्यायपालिका को ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। अदालत ने दोषी ठहराए जाने तक आरोपी के निर्दोष होने के अनुमान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि दोषी को भी मनमाने तरीके से की गई किसी भी कार्रवाई के खिलाफ कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। पीठ ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और वृद्धों को इस तरह बेघर होते देखना सुखद दृश्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारी न्यायपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने हाथों में नहीं ले सकते और नागरिकों के मौलिक और वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कार्य नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित करना शुरू कर दे तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक होगा। ऐसे मामलों में अनधिकृत निर्माण हो सकते हैं, जिन पर समझौता किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि किसी घर या व्यावसायिक संपत्ति को गिराने से पहले संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है। पीठ ने कहा कि घर का निर्माण परिवार के वर्षों के सपने, आकांक्षाओं और सामूहिक उम्मीद का परिणाम है। नागरिकों की आशंकाओं को दूर करने के लिए न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत निर्देश जारी किए कि पूर्ण न्याय करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने से पहले व्यक्ति को 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए, जिसमें अनधिकृत निर्माण की प्रकृति और सीमा का उल्लेख हो। न्यायालय ने सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाने वाली ऐसी कार्रवाई का विवरण देने के लिए एक डिजिटल पोर्टल बनाने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ध्वस्तीकरण आदेश 15 दिनों तक लागू नहीं किया जाएगा और सभी कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए और उसे डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। पीठ **(शेष पेज 2 पर)**

# रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिखाः प्रधानमंत्री मोदी

**रांची (एजेंसी)।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज झारखंड के सारठ और गोड्डा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि जो लोग एसी में बैठकर चुनाव का गणित लगा लगा रहे हैं, ये जनसभा में उमड़ी भीड़ उनको बता देगी चुनाव का माहौल क्या है।**



उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंति का उत्सव गौरव दिवस के रुप में मनाने जा रहे हैं। भारत के हर कोने में इस गौरव दिवस को मनाया जाएगा। पीएम ने कहा कि, हर तरफ एक ही गूंज है रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार।

पीएम मोदी ने कहा कि आज पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है, आज रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारी शक्ति और युवाओं के लिए जो गारंटी दी है, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। इस बार संथाल क्षेत्र एक नया इतिहास रचने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि, संथाल में इस बार झामुमो-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। पीएम ने कहा कि, संथाल में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है, ऐसे ही आदिवासियों की संख्या कम होती रही तो आपकी जमीन-जल-जंगल पर दूसरे लोग कब्जा कर लेंगे। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि घुसपैठियों को झारखंड का स्थाई निवासी बनाने के लिए रातों-रात पक्के कागज बना दिए गए।आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और जमीन हंड़प ली गई। घुसपैठियों ने आदिवासियों का रोजगार और रोटी छीन ली।

लेकिन हेमंत सरकार ने कोर्ट में भी बोल दिया कि, प्रदेश में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। लेकिन भाजपा सरकार बनते ही झारखंड की रोटी-बेटी-माटी के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। हमारी संस्कृति और संस्कारों में माताओं-बहनो-बेटियों के लिए सम्मान होता है। लेकिन कांग्रेस के नेता हमारी बहन को सरेआम गाली देते हैं। बहन सीता सोरेन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया, क्योंकि ये लोग सत्ता में हैं और सरकार चला रहे है। पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो को आदिवासी बेटियों के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं है, इसलिए कांग्रेस के नेता आदिवासी बेटियों का अपमान करते हैं। भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया, लेकिन झामुमो की सहयोगी कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू जी को हराने के लिए पूरा तंत्र लगा दिया। कांग्रेस के नेता आज भी आदिवासी बेटी का अपमान करते हैं, लेकिन झामुमो के लोग चुप्पी साध लेते हैं।

## नीतीश ने फिर की मोदी के पैर छूने की कोशिश पीएम ने फिर हाथ पकड़कर रोका

*दरभंगा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को उस समय शर्मिंदा होना पड़ा जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में एक रैली के दौरान उनके पैर छूने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लगभग 12,100 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करने के लिए बिहार में थे। एक अनूठी पहल में, मोदी ने देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 18 जन औषधि केंद्र भी समर्पित किए। सीएम नीतीश कुमार भी मंच पर आये और बिहार के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया. अपना भाषण पूरा करने के बाद सीएम को पीएम की ओर बढ़ते देखा गया, जब उन्होंने उनके भाषण को छूने की कोशिश की, तो शर्मिंदा हुए पीएम ने तुरंत सीएम को रोक दिया। इससे पहले* **(शेष पेज 2 पर)**



## खास-खबरें

### मोदी जाएंगे तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 से 21 नवंबर तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 16-17 नवंबर तक नाइजीरिया का दौरा करेंगे। यह 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा होगी। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री भारत और नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझीदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के अन्य तरीकों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री ब्राजील के संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर को रियो डी जनेरियो की यात्रा **(शेष पेज 2 पर)**

### बाराबंकी में मंदिर के बाहर मांस फेंकने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लगे जिला बाराबंकी में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने का एक मामला सामने आया है। यहां मंदिर के बाहर शराब पीने और मांस पकाकर खाने का विरोध करने पर साध्वी ने गैर संप्रदाय के लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पुलिस की प्रारंभिक जांच में केवल हमले के आरोप की पुष्टि हुई है।

# झारखंडः पहले चरण में 65.71 प्रतिशत मतदान

मध्य प्रदेश के विजयपुर में 75. 27 और बुधनी में 72.37 फीसदी वोट पड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को जहां 43 सीटों पर शांतपूर्ण माहौल में औसतन 65.71 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही आज राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश और मेघालय- में इन दस राज्यों की 31 रिक्त विधान सभा सीटों और केरल में वायनाड लोक सभा सीट के उप चुनाव भी संपन्न हो गये।



मध्य प्रदेश की बुधनी सीट के लिए 72.37 और विजयपुर के लिए 75.27 प्रतिशत वोट डाले गए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की रायपुर सिटी दक्षिण में 46.43, गुजरात के वाव में 68.01, केरल के चेलाक्कारा में 69.39 और मेघालय में गामबेग्रे विधान सभा सीट पर 80.91 प्रतिशत मतदान हुआ। विजयपुर में सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन काफी चौकस रहा और ऐहतियातन कांग्रेस तथा भाजपा के प्रत्याशियों को प्रशासन ने अपनी निगरानी में एक स्थान विशेष पर नजरबंद रखा। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा तथा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विधानसभा क्षेत्र की सीमा के आसपास रहे और दिन में आरोप प्रत्यारोप के दौर चलते रहे। पुलिस प्रशासन ने इन **(शेष पेज 2 पर)**

# महा विकास आघाडी जीता तो महाराष्ट्र कांग्रेस के लिए एटीएम बन जाएगाः शाह

**जलगांव (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर महा विकास आघाडी (एमवीए) 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीत जाता है तो राज्य कांग्रेस के लिए एटीएम बन जाएगा।



शाह ने जलगांव जिले के चालीसगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे (एमवीए) राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र से पैसा बटोरेंगे और पैसा दिल्ली भेज देंगे। उन्होंने कहा कि वहीं, अगर भाजपा नीत महायुति सरकार बनती है तो मोदी प्रशासन महाराष्ट्र के लिए वृहद विकास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में सरकार बनाने जा रही है और महायुति सरकार महाराष्ट्र में सत्ता में आ रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस झूठे वादे करती है और लोगों को गुमराह करती है। शाह ने कहा कि हाल में, राहुल गांधी को बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की एक प्रति लहराते हुए देखा गया। उन्होंने संसद में शपथ लेते वक्त भी वही प्रति पकड़ी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब कुछ पत्रकारों को वह प्रति मिली तो उसके पन्ने खाली थे।

# राहुल की मोहब्बत की दुकान में बिकता है बंटवारे का सामानः नड्डा

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई दक्षिण में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि हालही में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा दिया।



ये बहुत दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाला फैसला है। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि भाजपा का मुंबई से विशेष नाता है, क्योंकि जब भाजपा की स्थापना हो रही थी तब संतानगर में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत के पश्चिमी छोर पर जहां महासागर भारत को मंडित करता है, वहां मैं ये साहस करता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने देश को मजबूत करने का काम किया। एक समय मेक इन इंडिया पहल का मजाक उड़ाया गया था और अब यह हमारी सफलता का कारण **(शेष पेज 2 पर)**

# अपनी महत्वकांक्षाओं को किनारे रख महाराष्ट्र के हित में बड़ा सोचेंः उद्धव

**सावंतवाड़ी (एजेंसी)।** शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महा विकास आघाडी (एमवीए) के बागियों से अपील की कि वे अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को किनारे रख महाराष्ट्र के हित के लिए बड़ा सोचें।



महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले शिवसेना (उबाठा) उम्मीदवार राजन तेली के लिए कोंकण क्षेत्र के तटीय शहर सावंतवाड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान खींचतान हो सकती है, लेकिन गठबंधन के घटक अंततः एकजुट रहते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुछ सीट चाहती थी और हम भी कुछ और सीट चाहते थे। लेकिन जब हमने राज्य के व्यापक हितों के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है तो हमें गठबंधन धर्म का पालन करना होगा।

# प्रदूषण बरकरार, किस बात पर अपनी पीठ थपथपा रही दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण जबरदस्त तरीके से जारी है। आज सुबह सबेरे भी पूरी तरीके से दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील नजर आई। इतना ही नहीं, यमुना में भी जहरीले जाग देखने को मिली। पूरी दिल्ली धुंध में लिपटी हुई नजर आई। हालांकि, दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार यह दावा कर रही है कि पिछली साल की तुलना में इस बार राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम है। लेकिन दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए सांस लेना भी मुश्किल सा लग रहा है।

यमुना में जहरीले झाग को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजधानी की आप सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर यमुना की सफाई में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई का सर्वोच्च काम अपने अधिकार में लिया था। लेकिन सफलता न मिलने पर इसे एनजीटी को दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यमुना की सफाई का अभियान जब शुरू हुआ तो केजरीवाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय जाकर इस पर स्टेट लगवा दिया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता मंगलवार को लगातार 14वें दिन भी बहुत खराब श्रेणी में बनी रही और एक्यूआई 334 दर्ज किया गया।

# जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ों के बढ़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : फारूक

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ों के बढ़ने से जमीनी स्तर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। श्री अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ पहले भी हुई हैं और भविष्य में भी होती रहेंगी। मैंने पहले भी मुठभेड़ें देखी हैं और भविष्य में भी देखूंगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नेकां नेता वर्ष 2017 के एक मामले के अदालत में पेश होने के लिए बडगाम गये थे। उन्होंने नये न्यायालय भवन के पुनर्निर्माण की यह कहते हुए वकालत की कि मौजूदा संरचना जिले के लोगों के लिए पर्याप्त नहीं है।




**स्पेशल खबर** *गोड्डा में अदाणी एसईजेड को त्वरित मंजूरी , जबकि ....*

# जमशेदपुर का औद्योगिक केंद्र अधर मेंः रमेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि जमशेदपुर के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र का आधे से अधिक हिस्सा 2015 से नियामकीय कारणों से अधर में लटका हुआ है, जबकि गोड्डा में अदाणी पावर के लिए एसईजेड परियोजना को 2019 में तेजी से मंजूरी दी गई थी।**



रमेश ने कहा कि यह 'दुखद स्थिति' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने परियोजनाओं को वन और पर्यावरण मंजूरी देने में देरी की है, जिससे विकास बाधित हो रहा है।

रमेश ने विश्वास जताया कि जमशेदपुर के लोगों ने ऐसे नेताओं- बन्ना गुप्ता (जमशेदपुर पश्चिम) और अजय कुमार (जमशेदपुर पूर्व) को वोट दिया है जो उनके साथ और उनके लिए खड़े रहेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम सीटों पर बुधवार को मतदान हुआ।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जमशेदपुर के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र - आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र - का आधे से अधिक हिस्सा 2015 से विनियामकीय अनिश्चितता में है। इस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में 1,200 इकाइयां हैं। इसमें 11 बड़े, 64 छोटे और 166 सूक्ष्म उद्योग शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि साल 2015 में झारखंड राज्य उद्योग विभाग ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में 276 एकड़ के एसईजेड के भीतर 54 एकड़ वन भूमि के बारे में स्पष्टीकरण दिया था। राज्य में दूसरे चरण के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।